कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सोनभद्र।

पत्रांकः— एम0डी0एम0 / कम्प्यू0आ0च0 / 441-46 / 2023—24, दिनांकः— 16/12/2023

विज्ञप्ति

एम0डी0एम0 सेल में कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर योग्य अभ्यर्थियों को संविदा पर रखे जाने हेतु निम्न विवरण के अनुसार अर्ह अभ्यर्थियों से केवल पंजीकृत डाक से समस्त शैक्षिक एवं प्रशिक्षण तथा अनुभव प्रमाण पत्रो की स्व—प्रामाणित प्रति सहित आवेदन पत्र निर्धारित प्रारुप पर आमंत्रित किया जाता है। आवेदन पत्र के साथ पासपोर्ट साइज के 02 नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ , 02 टिकट लगा स्वयं का पता लिखा लिफाफा संलग्न करना अनिवार्य है। कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान, ब्रह्म बाबा की गली, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र, पिन कोड— 231216, में आवेदन प्राप्त होने की अन्तिम तिथि दिनांक 06.01.2024 को सायं 05.00 बजे तक है। अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा। साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को सूचना दूरभाष के माध्यम से दी जायेगी। साक्षात्कार हेतु कोई मार्ग व्यय / भत्ता देय नहीं है। उक्त पद पर चयन हेतु विज्ञापन अर्हता एवं दिशा निर्देश सहित आवेदन पत्र का प्रारुप जनपद के एन0आई0सी0 बेबसाइट https;//sonbhadra.nic.in व कार्यालय के सूचना पट्ट पर उपलब्ध है।

1—	पद का नाम	—	कम्प्यूटर आपरेटर (मध्यान्ह भोजन योजना)
2—	कुल पदों की संख्या	—	01 (एक)
3—	शैक्षिक अर्हता	—	(1) स्नातक एवं 01 वर्ष का 'ओ' स्तर का कम्प्यूटर एप्लिकेशन का डिप्लोमा। (2) डाटा एण्ट्री प्रोसेसिंग के कार्य का कम से कम एक वर्ष का अनुभव। (3) अग्रेजी एवं हिन्दी टाइपिंग का ज्ञान।
4—	आयु	—	विज्ञप्ति की अन्तिम तिथि (06.01.2024) को न्यूनतम आयु 25 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए।(अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पिछड़ी जाति) के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में शासन द्वारा अनुमन्य सीमा तक छूट होगी।
5—	मानदेय	—	निदेशक मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण के पत्रांक म0भो0प्रा0 / अधिष्ठान / सी—45 / 2016—17, दिनाक 06 अप्रैल, 2016 के अनुसार धनराशि रु0 14641 / — नियत मानदेय।
6—	अवधि	—	01 (एक) वर्ष

(नवीन कुमार पाठक)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
सोनभद्र।

पृ०सं० एवं दिनांक—उपरोक्तानुसार
प्रतिलिपि : निम्नांकित अधिकारियों की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. निदेशक, मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, सोनभद्र
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, सोनभद्र।
4. मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
5. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, एन0आई0सी0, सोनभद्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति व संलग्न आवेदन प्रारुप को शासकीय हित में एन0आई0सी0 बेवसाइट https;//sonbhadra.nic.in पर अपलोड करने का कष्ट करें।
6. दैनिक समाचार पत्र —"हिन्दुस्तान" एवं "अमर उजाला" को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने समाचार पत्र में न्यूनतम शासकीय दर पर प्रकाशित कर 02 प्रतियों में बिल एवं उक्त तिथि का समाचार पत्र भुगतान हेतु प्रस्तुत करें।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
सोनभद्र।